**प्रसार भारती**
**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 13.10.2025**

**मुख्य समाचारः—**

- **कलेक्टर, एसपी और डीएफओ कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों पर अव्यवस्था फैलाने, चाकूबाजी और हत्या जैसे जघन्य अपराधों पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाए।**

- **केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि कर्मचारी चयन आयोग द्वारा रेलवे सुरक्षा बल में वार्षिक रूप से भर्ती की जाएगी।**

- **बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से एक जवान घायल।**

- **उत्तरी छत्तीसगढ़ से मानसून हो चुका है विदा—मध्य छत्तीसगढ़ से भी अगले तीन—चार दिनों में हो जाएगी विदाई।**

**मुख्यमंत्री—कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज दूसरे दिन मंत्रालय में कलेक्टर, एसपी और डीएफओ कॉन्फ्रेंस के तहत सभी जिलों में कानून व्यवस्था स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि पुलिस की छवि ऐसी होनी चाहिए, जिससे अपराधियों में कानून का भय और आम नागरिकों में सुरक्षा का अहसास उत्पन्न हो। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षकों के साथ कानून व्यवस्था की स्थिति, नशे के अवैध कारोबार, साइबर अपराधों की रोकथाम और सड़क सुरक्षा के साथ प्रशासनिक समन्वय को बेहतर बनाने जैसे विषयों पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि कानून–व्यवस्था के मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई को प्रशासनिक उदासीनता माना जाएगा और ऐसे मामलों में कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सड़कों पर अव्यवस्था फैलाने, चाकूबाजी और हत्या जैसे जघन्य अपराधों पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौ–तस्करी और धर्मांतरण जैसे संवेदनशील मामलों पर सघन निगरानी रखी जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिन जिलों ने अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय सुधार किया है, उनके अनुभवों को अन्य जिलों में मॉडल के रूप में लागू किया जाए।

मुख्यमंत्री ने नशाखोरी और मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर सख्त रुख अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशा अपराधों की जड़ है, और इसे समाप्त करना ही कानून–व्यवस्था सुधार की पहली शर्त है। मुख्यमंत्री श्री साय ने नार्को समन्वय केन्द्र–एनकॉर्ड के तहत राज्यव्यापी अभियान चलाने, सीमावर्ती जिलों में तस्करी पर रोक लगाने और एनडीपीएस एक्ट के तहत समय–सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जाए।

## मुख्यमंत्री–कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस

बैठक में आत्मसमर्पित माओवादियों के पुनर्वास और आजीविका सशक्तिकरण पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें कौशल विकास प्रशिक्षण देकर स्थानीय रोजगार या स्वरोजगार से जोड़ा जाए, ताकि वे मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें।

कॉन्फ्रेंस में साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में जागरूकता अभियान चलाए जाएं, ताकि आम नागरिक ठगी, फिशिंग और ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे अपराधों से सुरक्षित रह सकें।

आज मुख्यमंत्री ने वन मंडल अधिकारियों के साथ हुई बैठक में वनों से आजीविका के तहत तेंदूपत्ता संग्राहकों को संग्रहण राशि का भुगतान सात से पन्द्रह दिनों के भीतर किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री साय ने लघु वनोपजों के स्टार्टअप को बढ़ावा देने और हर्बल तथा संजीवनी के उत्पादों को बाजार मुहैया कराने के लिए उचित कदम उठाने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बांस और उससे बने उत्पाद विशेष पिछड़ी जनजातियों की आय का मुख्य साधन है, इसे देखते हुए बांस वन आधारित आजीविका को बढ़ावा दिया जाए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अट्ठाईस बांस प्रसंस्करण केन्द्रों को सक्रिय करने, बांस शिल्पकारों को बाजार से संपर्क स्थापित करने में सहयोग देने और जनजातीय परिवारों को उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए।

**आरपीएफ–भर्ती**

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि कर्मचारी चयन आयोग द्वारा रेलवे सुरक्षा बल–आरपीएफ में वार्षिक रूप से भर्ती की जाएगी। उन्होंने आरपीएफ को आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस करने से जुड़ी विभिन्न पहलों का शुभारंभ किया। रेलवे सुरक्षा बल के इकतालीसवें स्थापना दिवस के अवसर पर गुजरात के वलसाड में श्री वैष्णव ने कहा कि आरपीएफ कर्मियों को जल्द ही वी.एच.एफ. सैट उपलब्ध कराए जाएंगे और इसकी संचालन क्षमता को मजबूत करने के लिए उन्हें डिजिटल तथा ड्रोन प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

**जितने आप को चाहिए उतने वीएचएफ लीजिए इसमें बहुत आपको बेनिफिट मिलेगा। जो एनसीआरबी के साथ मिलकर आप काम कर रहे हैं कि इसके इंप्लीमेंटेशन के लिए जो डेटाबेस एप्लीकेशन्ध्स हैं। उसके लिए 14 करोड़ रुपये की जरूरत है। वो भी आपके लिए सैंक्शन किया जाता है और सभी ट्रेनिंग सेंटर्स में एडवांस डिजिटल और ड्रोन की ट्रेनिंग। इसके लिए भी 21 करोड़ रूपीज की लागत से सभी जगह लैबोरेट्रीज की स्थापना की जाएगी।**

केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि आगामी दीपावली और छठ पूजा के दौरान बारह हजार विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। पिछले ग्यारह वर्षों में भारतीय रेल की प्रगति के बारे में श्री वैष्णव ने बताया कि पैंतीस हजार किलोमीटर लंबे नए रेल ट्रैक बनाए गए हैं और रेल विद्युतीकरण का निन्यानवे प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि सरकार का स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम तेजी से चल रहा है और इसके लिए तय किए गए सात हजार तीन सौ से अधिक स्टेशनों में से एक सौ दस स्टेशनों का काम पूरा कर लिया गया है।

## विकसित भारत बिल्डाथॉन

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि भारत उत्पादन संचालित अर्थव्यवस्था के मार्ग से ही विकसित राष्ट्र बन सकता है। विकसित भारत बिल्डाथॉन–दो हजार पच्चीस का उदघाटन करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि इक्कीसवीं सदी ज्ञान आधारित सदी है और भारत इस ज्ञान आधारित विश्व और अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने जा रहा है।

**लाखों की संख्या में विद्यार्थी भारत की तीन लाख स्कूलों में सरकारी स्कूलों में, ग्रामीण इलाका में, शहर में, बैठके इस आईडिएशन को एक प्रोजेक्ट में कन्वर्ट करने की कम पर लगे हैं। मैं उनको बधाई देता हूं। इसी सारे नवाचार की आईडिया से नव सृजन से भारत विकसित होने वाला है।**

इस कार्यक्रम में संवाद के लिए देशभर से चयनित विद्यार्थियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से केन्द्रीय शिक्षा विभाग द्वारा आज वर्चुअल संवाद किया गया। इसके लिए महासमुंद जिले के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बेलसोंडा की दो छात्रा कुमारी मेघना चंद्राकर और कुमारी अहिल्या साहू का भी चयन हुआ था। इन छात्राओं द्वारा कार्यक्रम में प्रस्तुत प्रोजेक्ट एआई सेंसर कैमरा और लेबर स्मार्ट बैंड पर आधारित है, जो श्रमिकों की कार्यस्थल पर सुरक्षा, निगरानी और सुविधा बढ़ाने में उपयोगी साबित होगा। यह प्रोजेक्ट आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी नवाचार, लोकल फॉर वोकल और समृद्ध भारत की थीम पर आधारित है।

## कर्मचारी नामांकन अभियान

केन्द्र सरकार ने कर्मचारियों के सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करने के लिए कर्मचारी नामांकन अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य नियोक्ताओं को स्वेच्छा से पात्र कर्मचारियों की घोषणा और नामांकन के लिए प्रोत्साहित करना है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा है कि यह योजना इस वर्ष पहली नवंबर से अगले वर्ष तीस अप्रैल तक लागू रहेगी। मंत्रालय ने कहा है कि नियोक्ता उन सभी मौजूदा कर्मचारियों का नामांकन कर

सकते हैं, जो पहली जुलाई दो हजार सत्रह और इकतीस अक्टूबर दो हजार पच्चीस के बीच प्रतिष्ठान में शामिल हुए हैं। मंत्रालय ने कहा है कि यह अभियान नियोक्ताओं के लिए न्यूनतम वित्तीय बोझ के साथ उनके पिछले रिकॉर्ड को नियमित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**जवान–घायल**

बीजापुर जिले के भोपालपटनम थाना क्षेत्र में माओवादियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से एक जवान घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों की टीम गश्त पर निकली हुई थी। इसी दौरान यह विस्फोट हुआ। घायल जवान का इलाज हायर सेंटर में चल रहा है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है।

**पेसा कानून–बैठक**

कोण्डागांव जिले में पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर ग्राम नेवता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मौजूद पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के संचालक रमित मौर्य ने ग्रामीणों और ग्रामसभा सदस्यों के साथ चर्चा करते हुए ग्रामस्तर पर पेसा कानून को सफलता के साथ लागू करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने ग्राम पंचायत विकास योजना और आदि कर्मयोगी अभियान के तहत तैयार की गई योजनाओं की भी समीक्षा की। इस अवसर पर उनके साथ मंत्रालय के पेसा सलाहकार प्रखर जैन भी उपस्थित थे।

**शालेय खेल प्रतियोगिता**

पच्चीसवीं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता का आयोजन कोरबा में किया जा रहा है। श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में कल इस स्पर्धा का शुभारंभ किया। इस राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में

प्रदेश के पांच सभांग – बस्तर, दुर्ग, रायपुर, सरगुजा और बिलासपुर के प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। पन्द्रह अक्टूबर तक चलने इस आयोजन में क्रिकेट, तैराकी, हॉकी, व्हॉलीबाल और वाटर पोलो के मैच होंगे।

**मौसम**

प्रदेश में दक्षिण पश्चिम मानसून की विदाई का दौर शुरू हो चुका है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने बताया कि उत्तरी छत्तीसगढ़ से मानसून की विदाई हो चुकी है। संभावना जताई जा रही है कि मध्य छत्तीसगढ़ से अगले तीन–चार दिनों में मानसून की वापसी हो जाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के दक्षिणी भाग में बंगाल की खाड़ी से नमी आने के कारण आगामी चौबीस घंटों के दौरान एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इस दौरान प्रदेश के न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा सकती है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>